समीक्षा बैठक | बांदकपुर स्थित जागेश्वरनाथ लोक के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित

# बांदकपुर का सौंदर्यीकरण किस प्रकार किया जाएगा इसकी अभी से कल्पना कर ठोस योजना बनाना जरूरी





**श्रद्धालुओं को सरल, सुलभ व व्यवस्थित सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता : प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुभाष सोलंकी**

**सौंदर्यीकरण होना चाहिये, इसकी अभी से कल्पना कर ठोस योजना बनाना आवश्यक : विधायक मलैया**

**नवभारत,दमोह.** बांदकपुर स्थित जागेश्वरनाथ लोक के निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया.इस बैठक में प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश सुभाष सोलंकी, विधायक जयंत कुमार मलैया, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, पंडित केदारनाथ दुबे,एड.सुरेश मेहता,एड. पंकज श्रीवास्तव, एड.अनुराग श्रीवास्तव, एसडीएम सौरव गंधर्व,तहसीलदार प्रीतम सिंह, एसडीओपी प्रिया सिंधी,सीतू पंडा, की गरिमामय मौजूदगी रही.ट्रस्टी श्री अखिलेश, कॉरिडोर निर्माण एजेंसी और उनके संबंधित अधिकारी,राजकुमार जैन, शंकर गौतम, के अलावा मंदिर से जुड़े जन भी मौजूद रहे।बैठक में मंदिर समिति,प्रशासनिक अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने भाग लेकर विकास कार्यों की प्रगति और भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श किया.प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश व मंदिर समिति संरक्षक सुभाष सोलंकी ने कहा कि श्रद्धालुओं को सरल,सुलभ व व्यवस्थित सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि मंदिर परिसर में ऐसी व्यवस्थाएं विकसित की जाएं, जिससे आने वाले श्रद्धालु सकारात्मक अनुभव लेकर जाएं और अन्य लोगों को भी यहां की सुविधाओं के बारे में बताएं। साथ ही उन्होंने डिजिटल व्यवस्था विकसित करने पर जोर दिया, जिससे आमजन घर बैठे ही लाइव दर्शन और व्यवस्थाओं को देख सकें। पूर्व मंत्री एवं वर्तमान विधायक जयंत कुमार मलैया ने कहा कि कॉरिडोर निर्माण पूर्ण होने के बाद क्षेत्र का सौंदर्यकरण किस प्रकार किया जाएगा, इसकी अभी से कल्पना कर ठोस योजना बनाना आवश्यक है। उन्होंने भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए समग्र विकास की बात कही।कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा कि जागेश्वरनाथ लोक के निर्माण कार्यों की समीक्षा तथा संभावित समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से यह बैठक आयोजित की गई थी।बैठक में उठाए गए सभी मुद्दों को गंभीरता से नोट किया गया है और प्रत्येक बिंदु पर विस्तृत चर्चा कर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न सुझाव प्राप्त हुए हैं, जिन्हें सभी के सहयोग से प्रभावी रूप से लागू किया जाएगा।बैठक के पश्चात विधायक जयंत कुमार मलैया व कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने निर्माणाधीन कॉरिडोर, मुख्य द्वार, मंदिर परिसर सहित अन्य स्थलों का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति का जायजा लिया।

## बांदकपुर धाम कॉरिडोर निर्माण में सुंदरता के लिए राजस्थानी लाल पत्थर का इस्तेमाल हो

नवभारत,दमोह. प्रदेश व बुंदेलखंड के प्रसिद्ध हिंदुतीर्थ क्षेत्र में कोरिडोर के प्रथम चरण का निर्माण का कार्य चल रहा है।इस संदर्भ में बांदकपुर में मंगलवार को एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें स्थानीय शिवभक्तों धर्म प्रेमियों ने बांदकपुर धाम कोरिडोर की सुंदरता मजबूती गुणवत्ता के संदर्भ में बैठक में एक लिखित पत्र जिला कलेक्टर सुधीर कोचर को सौंपा। जिसमें मुख्य रूप से कोरिडोर की सुंदरता मजबूती के लिए राजस्थानी लाल पत्थर से प्रमुख निर्माण कार्यों की बात रखी। जिससे 200,400 वर्षों तक निर्माण कार्य मजबूती से स्थिर रह सके।इस विषय को टेंडर में प्रमुखता से जोड़ने के लिए भी निवेदन किया।मंदिर के धार्मिक पौराणिक महत्व को देखते हुए कार्य हो, प्राचीन मंदिर बगीचा सहित पुराने पेड़ पौधों पर्यावरण को संरक्षित सुरक्षित कर निर्माण की बात कही।मंदिर प्रांगण एवं कोरिडोर के विस्तार भव्यता के लिए विषय पत्र के माध्यम से रखे ।जितना भव्य निर्माण होगा उतने ही रोजगार के अवसर भी सभी को प्राप्त होंगे।जो केवल बांदकपुर धाम ही नहीं बल्कि आसपास 20,50 किलोमीटर चारों ओर तक क्षेत्रवासियों को अनेक प्रकार के रोजगार व्यवसाय प्राप्त होंगे।इसलिए कोरिडोर की सुंदरता भव्यता मजबूती विस्तार बहुत ही आवश्यक है।बैठक में जिला कलेक्टर सुधीर कोचर,दमोह विधायक,कोरिडोर निर्माण से जुड़े अधिकारी,मंदिर ट्रस्ट कमेटी के सदस्यों,धर्म प्रेमी शिवभक्तों,स्थानीय ग्रामीण जनों की उपस्थिति रही।

# डॉ . अम्बेडकर की मूर्ति के पास की ग्रिल टूटी

## तोड़फोड की आशंका के मद्देजनजर पुलिस मौके पर पहुंची

**कुम्हारी नवभारत 7 अप्रैल। थाना क्षेत्र पंचायत पटेरिया में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की मूर्ति के चबूतरा में लगी ग्रिल को अज्ञात असामाजिक तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया है। विगत दो वर्षों से मूर्ति से छेड़छाड़ की जा रही है।**

अक्सर ज़ब बाबा साहब की जयंती का समय पास होता तभी ऐसी हरकत की जाती है। घटना की सूचना पर थाना प्रभारी बृजेश पांडे स्थल पर पहुंचे और जायजा लिया। इसकी जानकारी लगने पर सरपंच लक्ष्मीरानी गुड्डा राय ने टूटी हुई ग्रिल का सुधार कार्य कराया।




## शिक्षक पात्रता परीक्षा के विरोध में 8 अप्रैल को विशाल धरना प्रदर्शन व ज्ञापन

**नवभारत,दमोह.** मप्र अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के तत्वावधान में आज दिनांक 8 अप्रैल को जिले के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं प्रात: 11 बजे कलेक्ट्रेट परिसर के बाहर उपस्थित होकर सरकार से शिक्षक पात्रता परीक्षा समाप्त करने हेतु व नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता का लाभ देने की मांग को लेकर एकत्रित हो रहे हैं.प्रवक्ता विपिन चौबे ने बताया कि संयुक्त मोर्चा ने सभी से 11 बजे कलेक्ट्रेट परिसर के बाहर उपस्थित होने की अपील की है.

## हरे माधव नि :शुल्क प्याऊ का शुभारंभ विधायक जयंत मलैया ने किया

नवभारत,दमोह.रेलवे स्टेशन पर हरे माधव निशुल्क प्याऊ का शुभारंभ पूर्व वित्त मंत्री और वर्तमान दमोह विधायक जयंत मलैया ने किया. यह प्याऊ हरे माधव परमार्थ सत्संग समिति दमोह द्वारा पिछले 22 वर्षों से निरंतर संचालित किया जा रहा है, जीवन मुक्त बाबा ईश्वर साहब की प्रेरणा जिसका उद्देश्य मानव सेवा को बढ़ावा देना है.समिति का मानना है कि मानव सेवा ही सच्चा धर्म है.इस प्याऊ के माध्यम से यात्रियों को ठंडा पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा, जो गर्मियों के मौसम में विशेष रूप से उपयोगी होगा.यह सेवा दमोह रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए शुरू की गई है.



# दमोह की शानदार जीत, संभाग स्तरीय लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में बनाई जगह



**नवभारत, दमोह.** 12वीं संभाग स्तरीय लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन बक्सवाहा में 7 से 9 अप्रैल तक किया जा रहा है. प्रतियोगिता में दमोह टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश कर लिया है.

पहले मुकाबले में दमोह का सामना पन्ना से हुआ.टीम के कप्तान ललित राज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया. निर्धारित 12 ओवरों में दमोह ने 87 रन बनाए. इसमें राहुल राजपूत ने 24 रन, पवन खरे ने पारी को संभालते हुए कीमती 22 रन, शोएब पठान ने 14 रन और ललित राज ने 11 रन का योगदान दिया.जवाब में पन्ना की टीम दमोह की घातक गेंदबाजी के सामने टिक नहीं सकी और 68 रन पर ऑल आउट हो गई. दमोह की ओर से भगवत सेन ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 6 विकेट झटके, जबकि शोएब पठान ने 2 विकेट हासिल किए. इस तरह दमोह ने यह मैच जीत लिया.दूसरे मुकाबले में दमोह का सामना निवाड़ी से हुआ. निवाड़ी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 102 रन बनाए. लक्ष्य का पीछा करने उतरी दमोह टीम के सलामी बल्लेबाज शोएब पठान और राहुल राजपूत ने बेहतरीन शुरुआत दी. शोएब पठान ने अपनी पारी मैं तीन चौकों और तीन छक्कों की बदौलत 39 रन और राहुल राजपूत ने सात चौकों व एक छक्का की बदौलत नाबाद 51 रन बनाते हुए टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया. दमोह ने यह मैच 8 विकेट से जीतकर सेमीफाइनल में जगह बनाई.टीम के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर जिला शिक्षा अधिकारी एस.के. नेमा, डीपीसी मुकेश द्विवेदी और डीएसओ गगन कन्नौजे ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है.

# टीईटी के विरोध में जिला स्तरीय रैली प्रदर्शन 8 अप्रैल को



नवभारत,तेंदूखेड़ा/दमोह.सर्वोच्च न्यायालय द्वारा महाराष्ट के संदर्भ में शिक्षकों को टीईटी परीक्षा अनिवार्य के निर्णय से शासन द्वारा जारी आदेश से आहत शिक्षक संवर्ग ने उक्त अव्यावहारिक आदेश का विरोध करने के लिए 08 अप्रैल को जिला स्तरीय,11 अप्रैल को ब्लॉक स्तरीय व 18 अप्रैल को प्रदेश स्तरीय रैली, धरना प्रदर्शन का ऐलान किया है. इसी संदर्भ में 08 अप्रैल को जिला स्तरीय जंगी प्रदर्शन किया जाएगा.जिसमे जिला दमोह के सभी शिक्षक संयुक्त अध्यापक मोर्चा के बैनर तले धरना, प्रदर्शन में हिस्सा लेंगे इस संबंध में संयुक्त मोर्चा की ओर से गुड्डा सिंह ठाकुर,के एल चौकसे,ऋषि शर्मा,लाल सिंह यादव,जितेंद्र खटीक ,गणेश प्रसाद अहीरवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि आंदोलन को सफल बनाने के लिए 04अप्रैल को ब्लॉक के समस्त शिक्षकों की बैठक का आयोजन किया गया व 07 अप्रैल को सभी संकुल केन्द्रों पर बैठक आयोजित कर सभी को दमोह रैली में जाने हेतु प्रेरित किया.संयुक्त मोर्चा द्वारा सभी शिक्षकों को 08 अप्रैल को जिला स्तरीय रैली में शामिल होने की अपील की है.

# कृष्ण भाव फाउंडेशन के नेतृत्व में नवोदय नि :शुल्क कोचिंग क्लास का हुआ शुभारंभ

**नवभारत,सिंग्रामपुर/दमोह.सिंग्रामपुर क्षेत्र में शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय पहल के तहत कृष्ण भाव फाउंडेशन बके मार्गदर्शन में निशुल्क नवोदय कोचिंग का शुभारंभ किया गया। यह कोचिंग कार्यक्रम अब अपने द्वितीय वर्ष में प्रवेश कर चुका है और हर वर्ष की तरह इस बार भी अनेक प्रतिभाशाली छात्र-छात्राएं इसका लाभ लेकर सफलता की ओर अग्रसर हो रहे हैं।**इस कोचिंग का संचालन ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल, सिंग्रामपुर में किया जा रहा है, जहां ग्राम के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के मेधावी विद्यार्थियों को नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा की बेहतर तैयारी के लिए नि:शुल्क मार्गदर्शन उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम के संचालन की जिम्मेदारी जबेरा विधायक के अनुज सत्येंद्र सिंह लोधी लगातार मॉनिटरिंग करते रहते हैं जिसमें कक्षा का संचालन चरण यादव द्वारा निभाया जा रहा है, जो विद्यार्थियों को नियमित रूप से मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं। इस अवसर पर कई गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही, जिनमें मुलायम चंद जैन, लखमी चंद जैन,अजय राय, गोलूअमित साहू,सुरेश राय, राघवेंद्र झारिया, सुनील शुक्ला सहित अन्य लोग शामिल रहे।




विद्यालय के प्रधान अध्यापक देवी यादव की विशेष उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की निशुल्क कोचिंग से ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को आगे बढ़ने का सुनहरा अवसर मिलता है।स्थानीय लोगों का मानना है कि इस प्रकार के प्रयास न केवल शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाते हैं, बल्कि विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धात्मक भावना का भी विकास करते हैं। आने वाले समय में यह पहल और अधिक विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।




## महिला जैन मिलन नगर शाखा का शपथ ग्रहण

**नवभारत,दमोह.** महिला जैन मिलन नगर शाखा दमोह (क्षेत्र क्रमांक 10) के शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन आज दिनांक 6/4/26 को चोखो जीमण रेस्टोरेंट दमोह मे संपन्न हुआ जिसमें नवनिर्वाचित पदाधिकारी वीरांगना संगीता जैन 'अध्यक्ष' वीरांगना हिना पलंदी मंत्री वीरांगना आरजू जैन 'कोषाध्यक्ष'व वीरांगना वर्षा जैन ने 'प्रचार मंत्री' के रूप में शपथ ली, इस कार्यक्रम में अतिवीर इंजी आर.के.जैन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, अतिवीर दिनेश चौधरी क्षेत्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष, वीर सुधीर जैन क्षेत्रीय मुख्य संयोजक एवं वीर यू सी जैन राष्ट्रीय पर्यावरण प्रभारी उपस्थित रहे.

उपस्थित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर सामूहिक महावीर प्रार्थना की गई.उपरांत इसके सभी उपस्थित पदाधिकारीयों द्वारा शाखा के सदस्यों को सम्बोधित करते हुये किस प्रकार सुचारू रूप से आगे कार्य करना है का मार्गदर्शन देते हुये सभी पदाधिकारियो एवं सदस्यो को शपथ ग्रहण करवाया गया. अंत मे सभी के सामूहिक भोज के साथ कार्यक्रम का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ .

## एक नजर में



### जबेरा में जीव दया समिति का सराहनीय कार्य घायल पशुओं का किया जा रहा नि :स्वार्थ उपचार

नवभारत,जबेरा/दमोह. जबेरा नगर के नया बाजार क्षेत्र में स्थित श्री विद्याश्री जीव दया समिति द्वारा पशुओं की सेवा और देखभाल का सराहनीय कार्य लगातार किया जा रहा है.समिति द्वारा सड़क पर घायल अवस्था में मिलने वाले तथा अवैध परिवहन के दौरान बचाए गए पशुओं को अपनी गौशाला में आश्रय देकर उनका उपचार किया जाता है.इसी क्रम में ब्लॉक पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ.पंकज चौबे, ए.एफ.ओ. नरेश कुमार व गौ सेवक संदीप अहिरवार ने जीव दया गौशाला पहुंचकर पशुओं का निरीक्षण किया और उनका उपचार किया.इस दौरान पशुओं की स्वास्थ्य स्थिति का जायजा लिया गया तथा आवश्यक चिकित्सा सेवाएं प्रदान की गई.




### भारत विकास परिषद की प्रांतीय कार्यकारिणी का हुआ शपथ ग्रहण समारोह

नवभारत,दमोह। भारत विकास परिषद महाकौशल प्रांत का शपथ ग्रहण समारोह कल संपन्न हुआ।जबलपुर के एक होटल में भारत विकास परिषद महाकौशल प्रांत का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ कार्यक्रम में क्षेत्रीय अध्यक्ष सुनील कोठारी की विशेष उपस्थिति रही कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण से प्रारंभ हुआ। इसके बाद रीजनल अध्यक्ष सुनील कोठारी के द्वारा महाकौशल प्रांत की कार्यकारिणी की घोषणा की गई,जिसमें जबलपुर से रामकृष्ण चौकसे को प्रांतीय अध्यक्ष दमोह से राजीव बिल्थरे को प्रांतीय महासचिव व प्रशांत शेंडेय को प्रांतीय उपाध्यक्ष व महेंद्र ताम्रकार को प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य घोषित किया गया। पूर्व प्रांत अध्यक्ष संजय तिवारी द्वारा सभी का स्वागत किया गया जिसके बाद नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह हुआ।

# एनडीपीसी एक्ट में फरार आरोपी गिरफ्तार

नवभारत,पटेरा/दमोह.थाना पटेरा में 16 फरवरी 2026 को मुखबिर की सूचना पर प्राप्त हुई की एक व्यक्ति मोटर साईकिल से अवैध मादर्क पदार्थ गांजा ले जाने की सूचना पर पुलिस अधीक्षक व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एसडीओपी हटा के मार्ग दर्शन में थाना प्रभारी पटेरा धर्मेंद्र गुर्जर के द्वारा विशेष टीम का गठन कर रेड कार्यवाही की गई, जो आरोपी रामदास पिता घफ्फुआ लोधी उम्र 61 साल निवासी चोमखा थाना पवई जिला पन्ना को गिरफ्तार किया व अन्य आरोपी फरार हो गये मौके पर ही 5 किलो 941 ग्राम कीमती करीबन 120000 रूपये व मोटर साईकिल एमपी 35 एमके 1121 सी.डी.डान होण्डा कंपनी की कीमती करीबन 50000 रूपये का जप्त के जप्त की गई जिस पर थाना पटेरा में अपराध क्र. 64/2026 धारा 8/20 एन.डी.पी.एस.एक्ट का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया.फरार आरोपी पिंकू उर्फप्रकाश सिंह पिता हरिराम लोधी उम्र 45 साल निवासी जमुनिया टांक थाना पटेरा का कायमी दिनांक से ही फरार चल रहा जिसकी लगातार सतत तलाश की जा रही थी, जिसे 02 अप्रैल 26 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय से पुलिस रिमाण्ड प्राप्त कर मादक पदार्थ गांजे के स्त्रोत के संबंध में पूछताछ की गई.



जिसने बताया कि गांजा लकी ब्रो उर्फलक्ष्मण जगदल्ला पिता परदेशी जगदल्ला उम्र 26 साल निवासी ग्राम तलपार थाना मनममुंडा जिला बोध्द उडीसा से लाना बताया जो पिंकू उर्फप्रकाश के निशा देहा में लकी ब्रो उर्फलक्ष्मण जगदल्ला को उडीसा की पतासाजी कर उडीसा से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश कर जेल दाखिल किया गया, प्रकरण की विवेचना जारी हैं.सफलता में सराहनी कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारी - थाना प्रभारी पटेरा उप निरीक्षक धर्मेन्द्र सिह गुर्जर ,उप निरीक्षक संतोष सिह,स.उ.नि.बलदेव प्रसाद आर,इन्द्रजीत,आर.सतीष की भूमिका सराहनीय भूमिका रही.




## सड़क दुर्घटना में 40 वर्षीय व्यक्ति की मौत

**नवभारत,दमोह।** सड़क दुर्घटना में 40 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो जाने का घटनाक्रम सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक चतुर सिंह लोधी पिता प्रहलाद सिंह लोधी निवासी रोंड थाना नोहटा की मौत हो जाने पर पुलिस जांच में जुटी हुई है.

**नाम सुधार सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैं **सुदामा प्रसाद असाटी** आयु 50 वर्ष पिता श्री रतन चंद असाटी पता- ग्राम फुटेरा कलां, जैन मुहल्ला, तहसील बटियागढ़ जिला दमोह मध्यप्रदेश का निवासी हूं। यह कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड नं. 790581239075 में उसका नाम त्रुटिवश देव असाटी पिता सुदामा असाटी (DEV ASATI S/O SUDAMA ASATI) अंकित हो गया है, जो की अधुरा व गलत है। यह कि मेरे पुत्र का वास्तविक सही नाम अक्षय असाटी पिता श्री सुदामा प्रसाद असाटी (AKSHAY ASATI S/O SUDAMA PRASAD ASATI) है जो कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण एवं कक्षा 9वीं की अंकसूची में दर्ज है। अतः मैं अपने पुत्र का वास्तविक सही नाम **अक्षय असाटी पिता श्री सुदामा प्रसाद असाटी** (AKSHAY ASATI S/O SUDAMA PRASAD ASATI) आधार कार्ड में दर्ज करवाना चाहता हूं। इस हेतु यह शपथपत्र और सूचना का प्रकाशन करवा रहा हूं।

शपथकर्ता/भवदीय
**सुदामा प्रसाद असाटी**

महाअभियान | अभाना और बांसा मंडल भाजपा का प्रशिक्षण वर्ग आयोजित

# अनुशासन, संगठन और सेवा भाव पर विशेष जोर दिया

नवभारत,दमोह.भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार व जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे के मार्गदर्शन में दमोह विधानसभा अंतर्गत अभाना मंडल अध्यक्ष दान सिंह लोधी व बांसा मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह तोमर के नेतृत्व में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 अंतर्गत आयोजित प्रशिक्षण वर्ग सफ्लतापूर्वक संपन्न हुआ.कार्यक्रम का शुभारंभ पर भारतीय जनता पार्टी के 47वां स्थापना दिवस पर ध्वजारोहण कर मनाया गया. मंडल के प्रशिक्षण वर्गों में जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, दमोह सांसद राहुल सिंह व दमोह विधायक पूर्व मंत्री जयंत मलैया ने सम्मिलित हुए और प्रशिक्षणार्थी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया वर्ग शुभारंभ पर भारत माता, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पं. दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया गया.प्रशिक्षण वर्ग की शुरुआत पंजीयन व आगमन के साथ हुई. प्रशिक्षण वर्ग के प्रथम सत्र में जिला महामंत्री महेश पटेल ने भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा विषय पर विस्तृत वक्तव्य दिया, जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं लोकतंत्र सेनानी संघ अध्यक्ष निर्गुण करें ने की.इस सत्र में पार्टी की विचारधारा, संगठनात्मक मूल्यों एवं कार्यप्रणाली पर प्रकाश डाला गया.हमारा वैचारिक अधिष्ठान विषय पर मनीष सोनी व राजेंद्र मिश्रा ने अपने विचार रखे.वक्ताओं ने पार्टी के वैचारिक आधार व राष्ट्र निर्माण में उसकी भूमिका को स्पष्ट किया.



जिला उपाध्यक्ष मनीष तिवारी व जिला मंत्री भरत यादव ने सोशल मीडिया व एआई के साथ सरल एवं सशक्त कार्य विषय पर जानकारी दी। इसमें आधुनिक तकनीक एवं सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग पर चर्चा की गई.

**कार्यालय ग्राम पंचायत रनेह जनपद पंचायत हटा जिला-दमोह (म.प्र.)**

क्र./बाजार नीलामी/2026/114 | रनेह दिनांक:- 03/04/2026

**बाजार बैठकी नीलामी की सूचना**

एतद् द्वारा सभी ग्राम पंचायत रनेह के निवासियों को नीलामी लेने वाले समस्त लोगों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रनेह अंतर्गत बाजार बैठकी की नीलामी निर्धारित दिनांक 10/04/2026 दिन शुक्रवार को ग्राम पंचायत कार्यालय रनेह में सुबह 11:00 से प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी।

उक्त नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने की इच्छुक प्रतिभागी (ठेकेदार) निर्धारित दिनांक 10/04/2026 को कार्यालय ग्राम पंचायत रनेह में अमानत राशि रुपया रु. 10000 जमा कर बोली में भाग ले सकते हैं यदि किसी के पास नगद राशि नहीं है तो वह बैंक खाते में पर्याप्त राशि होने पर उक्त अमानत राशि का चेक ग्राम पंचायत रनेह के नाम दे सकते हैं यदि ठेका लेने वाले नीलामी के दिन उपस्थित नहीं होते हैं और बोली नहीं लगाई जाती है तो नीलामी की आखिरी तिथि तय की जाकर पुन: प्रकिया प्रारंभ की जावेगी।

:- नियम - शर्त :-

1. निर्धारित अमानत राशि बाजार बैठकी हेतु रु. 10000 जमा करने पर ही बोली लगाने की पात्रता होगी।
2. बाजार बैठकी नीलामी के 03 दिवस बाद नीलामी की शेष राशि जमा कर रशीद प्राप्त कर ही ठेका की उगाही की जाएगी। राशि समयावधि में जमा ना होने पर नीलामी (ठेका) स्वंय निरस्त माना जाएगा।
3. बाजार बैठकी की नीलामी पश्चात ग्राम पंचायत की शर्तें मानने के लिए रुपया 500 के स्टम्प पर शपथ पत्र कार्यालय ग्राम पंचायत रनेह को देना होगा।
4. बाजार बैठकी में ग्राम पंचायत द्वारा निर्धारित राशि की दुकानदारों से उगानी होगी अधिक वसूली करने पर ठेका निरस्त माना जाएगा।
5. अन्य शर्तें ग्राम पंचायत सदस्यों द्वारा सहमति की आधार पर तय की जाएगी जो सभी को मान्य होगी।

**सरपंच**
**ग्राम पंचायत रनेह**
**जन. पंचा. हटा, जिला दमोह**